विशद प्रकाशन सूची

A DESCRIPTIVE CATALOGUE

2025

Publication Unit

Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

Central University

Accredited by NAAC with 'A' Grade

श्रीलालबहादुरशास्त्रीराष्ट्रियसंस्कृतविश्वविद्यालयः

(केन्द्रीयविश्वविद्यालयः)

बी-4, कुतुबसांस्थानिकक्षेत्रम्, नवदेहली-110016

विश्वविद्यालयेन अधोलिखिताः इमे नियमितांशकालीनपाठ्यक्रमाः सञ्चालयन्ते-

नियमितपाठ्यक्रमाः

क्र.सं.	पाठ्यक्रमस्य नाम	विषयाः
1.	स्नातकपाठ्यक्रमाः (बी.ए.)	वेदः, पौरोहित्यम् (कर्मकाण्डः), धर्मशास्त्रम्, प्राचीनव्याकरणम्, नव्यव्याकरणम्, फलितज्योतिषम्, सिद्धान्तज्योतिषम्, वास्तुशास्त्रम्, प्राचीनन्यायः, नव्यन्यायः, सर्वदर्शनम्, साङ्ख्ययोगः, अद्वैतवेदान्तः, विशिष्टाद्वैतवेदान्तः, जैनदर्शनम्, मीमांसा, साहित्यम्, पुराणेतिहासः, योगः, प्राकृतञ्च।
2.	स्नातकोत्तरपाठ्यक्रमाः (एम.ए.)	वेदः, पौरोहित्यम् (कर्मकाण्डः), धर्मशास्त्रम्, प्राचीनव्याकरणम्, नव्यव्याकरणम्, फलितज्योतिषम्, सिद्धान्तज्योतिषम्, वास्तुशास्त्रम्, प्राचीनन्यायः, नव्यन्यायः, सर्वदर्शनम्, साङ्ख्ययोगः, अद्वैतवेदान्तः, विशिष्टाद्वैतवेदान्तः, जैनदर्शनम्, मीमांसा, साहित्यम्, पुराणेतिहासः, योगः, हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्रम्, हिन्दू-अध्ययनम्, प्राकृतञ्च।
3.	शिक्षाशास्त्रपाठ्यक्रमाः	शिक्षाशास्त्री (बी.एड.) शिक्षाचार्यः (एम.एड.)
4.	विद्यावारिधिपाठ्यक्रमाः (पी-एच.डी.)	समस्तशास्त्रीयविषयाः।

विशद प्रकाशन सूची

A DESCRIPTIVE CATALOGUE

2025

Publication Unit

Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

Central University

Accredited by NAAC with 'A' Grade

प्रकाशकः

श्रीलालबहादुरशास्त्रीराष्ट्रियसंस्कृतविश्वविद्यालयः

बी-4, कुतुबसांस्थानिकक्षेत्रम्, नवदेहली-110016

© प्रकाशकाधीन

प्रकाशनवर्षम् : 2025

मुद्रकः

डी.वी. प्रिन्टर्स

97-यू.बी., जवाहरनगरम्, देहली-110007

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विश्वविद्यालय

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

नई दिल्ली-110016

भारत की राजधानी में विगत 60 वर्षों से यह विश्वविद्यालय संस्कृत की सेवा में अनवरत संलग्न है तथा अध्ययन, अध्यापन, प्रशिक्षण एवं अनुसन्धान के साथ ही संस्कृत-साहित्य की विभिन्न धाराओं पर कतिपय मानक ग्रन्थों का प्रकाशन भी कर रहा है। दुर्लभ एवं मौलिक ग्रन्थों शोध-प्रबन्धों, टीका-भाष्यादि से संकलित, नवीन उद्भावनामूलक तथा विशिष्ट चिन्तन से अनुप्राणित संस्कृत साहित्य का उत्कृष्ट-प्रकाशन हो यही हमारा प्रमुख ध्येय है।

विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित ग्रन्थों पर मुद्रित मूल्य में 40 प्रतिशत छूट की व्यवस्था है। डाक द्वारा मंगाये जाने पर डाक व्यय देय होगा।

SRI LAL BAHADUR SHASTRI NATIONAL SANSKRIT UNIVERSITY

(Central Universty)

New Delhi-110016

The University is engaged in the continuous service of Sanskrit in the Capital City of India since last sixty eight years and apart from imparting Sanskrit teaching, education, studies and research activities, it is also engaged in the publication of various standard granthas relating to different branches of Sanskrit literature. It is our endeavors to publish and conveniently make available the authentic commentaries, literatures and granthas containing rare, original and research oriented thinking.

Discount allowed on all publications of University 40%. Postage will be payable if ordered by Post.

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय की विशद प्रकाशन सूची

संस्कृत के प्रचार प्रसार और उसके संरक्षण के साथ-साथ विश्वविद्यालय ने संस्कृत साहित्य की अभिवृद्धि के लिए महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है।

1965-66 सत्र में भारत सरकार ने विश्वविद्यालय को शोध संस्थान के रूप में मान्यता दी। इसी वर्ष से प्रकाशन के कार्य का श्रीगणेश हुआ। इस क्रम में म.म. श्री गिरिधर शर्मा चतुर्वेदी द्वारा लिखित 'प्रमेयपारिजात' और 'पुराणपारिजात' इन दो ग्रन्थों का प्रकाशन भारत सरकार के सहयोग से किया गया तथा अक्टूबर, 1964 में प्रदत्त चतुर्वेदी जी के सात व्याख्यानों का 'वैदिक विज्ञान' के नाम से हिन्दी व संस्कृत में प्रकाशन किया गया। ये तीनों ग्रन्थ 7 अगस्त, 1965 ई. को प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री को समर्पित किये गये।

विश्वविद्यालय द्वारा प्रारम्भ से अब तक किए गए विशिष्ट प्रकाशनों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत है :-

DESCRIPTIVE CATALOGUE OF PUBLICATIONS

The University has been continuously contributing to the cause of promotion and propagation of Sanskrit language since its inception.

Govt. of India recognised this University as a Research Institute during session 1965-66. It started its publication work from this very year. Under publication series Prameya-Parijata and Purana Parijata written by M.M. Shir Giridhar Sharma Chaturvedi were published in collaboration with Govt. of India. Besides, book titled Vaidika Vigan was also published in Hindi and English languages which is a collection of seven lectures delivered by : Chaturvedi in 1964. These three books were presented to the then Prime Minister Shri Lal Bahadur Shastri on 7th August 1965.

This book is composed by M.M. Giridhar Sharma Chaturvedi. It Contains answers to many questions related to Puranas. Cultural and literary importance of Puranas has been explicitly established in a very lucid manner by the author.

1. **अजातशत्रु** **मूल्य : 26.00**

संस्कृत गद्यकाव्य की परम्परा में डॉ. श्रीनाथ हसूरकर द्वारा विरचित यह ग्रन्थ स्वयं में अद्वितीय है। ऐतिहासिक घटनाओं पर आधारित यह ग्रन्थ संस्कृत वाङ्मय में नवीन साहित्य के प्रभाव को आगे बढ़ाने वाला है।

AJATASHATRU **Rs.26.00**

This is a Prose-Poem written by renowned scholar Dr. Shrinatha Hasurkar on the basis of historical events. This has enriched the Sanskrit literature and revolutionised the style of prose writing in sanskrit.



---

2. **अथर्वसंहिता विधान**

पं. केशवदेव शास्त्री जी द्वारा विरचित इस ग्रन्थ में विस्तारपूर्वक अथर्ववेद में विहित विधि-विधानों का वर्णन किया गया है। ग्रन्थकार ने अथर्ववेद में वर्णित विविध विधानों का अत्यन्त संक्षिप्त किन्तु स्पष्ट विवरण प्रस्तुत किया है।

ATHARVA-SAMHITA-VIDHANA

In this scholarly work, the author Pt. Keshav Dev Shastri has given a detailed account of rituals as described in Atharvaveda.





3. अद्वैत वेदान्त में आभासवाद

मूल्य 410.00

अद्वैत वेदान्त में आभासवाद का प्रामाणिक ग्रन्थ है। प्रो. सत्यदेव मिश्र द्वारा रचित है। ग्रन्थ में उपनिषदों से आभासवाद की उत्पत्ति सिद्ध करते हुए शंकर, सुरेश्वर, सर्वज्ञात्मन्, आनन्दगिरि तथा विद्यारण्य प्रभृति अद्वैताचार्यों के आभास-प्रस्थानों का प्रामाणिक निरूपण है।

ADWAIT VEDANT MEIN ABHASVAD Rs. 410.00

This book is a research work by renowned scholar Prof. Satyadev Mishra. Justifying the origin of Abhasvad from the Upanishads it dicusses the opinions of Shankar, Sureshwar, etc.



4. अध्यापक शिक्षा में उदीयमान प्रवृत्तियाँ

मूल्यः 280.00

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, मानित विश्वविद्यालय के शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित संगोष्ठी में विद्वानों द्वारा पठित 39 शोध निबंधों का संग्रह है। इसका सम्पादन प्रो. भास्कर मिश्र ने किया है।

ADHYAPAK SHIKSHA MEIN UDIYAMAN PRAVRITTIYAN Rs. 280.00

Edited by Prof. Bhaskar Mishra, this book is a collection of 39 research papers presented during seminar organized by the department of Education.

5. **अध्यापक शिक्षा में मूल्यमीमांसा वर्तमान परिप्रेक्ष्य एवं चुनौतियाँ**

मूल्यः 325.00

शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित मार्च, 2015 में संगोष्ठी में विद्वानों द्वारा पठित 55 शोध निबंधों का संग्रह है। इसका सम्पादन प्रो. रमेश प्रसाद पाठक ने किया है।



ADHYAPAK SHIKSHA MEIN MULYAMIMANSA-VARTMAN PARIPREKSHYA EVAM CHUNAUTIYA Rs. 325.00

Edited by Prof. Ramesh Prasad Pathak, this book is a collection of 55 research papers presented during seminar organized by the department of Education, in March, 2015.

---

6. **अध्वरमीमांसाकुतूहलवृत्ति (चार भाग)**

यह ग्रन्थ मीमांसा दर्शन के आचार्य श्री पं० पट्टाभिराम शास्त्री जी के सम्पादकत्व में चार भागों में प्रकाशित हुआ है। श्री वासुदेव दीक्षित द्वारा विरचित इस ग्रन्थ में श्रौत पदार्थों का समुचित उपपादन करते हुए अतिगहन विषय को सरल शैली में समझाया गया है। अनेक ताड़पत्रीय पाण्डुलिपियों के आधार पर विशुद्ध पाठालोचन को 1802 पृष्ठों का एक अमूल्य रत्न प्रदान किया है।



ADDHVARA-MIMANSA-KUTUHALAVRITTI

This book on the Mimanasa-sutra was composed by Acharya Vasudeva Diksita in the last quarter of 16th century A.D. under the patronage of the ruler of Tanjaur. The book has now been published in four parts. Darshapurnamasa, Jyotistoma, etc. in a comprehensive manner.



7. AN ANTHOLOGY OF SANSKRIT CLASSICS IN ENGLISH TRANSTATION Rs. 80.00

उक्त ग्रन्थ दो भागों में प्रकाशित है प्रथम भाग में अनुवाद की आवश्यक विधि एवं सम्पादन विधि है तथा द्वितीय भाग में संस्कृत भाषा में मूल ग्रन्थ अभिज्ञान शाकुन्तलम् का चतुर्थ अंक, मृच्छकटिकम् का प्रथम अंक, उत्तररामचरितम् का सप्तम अंक और उनका अंग्रेजी में अनुवाद है।

AN ANTHOLOGY OF SANSKRIT CLASSICS IN ENGLISH TRANSLATION Rs. 80.00

Comprising two parts, the first of this anthology discusses translation and editing and the second part incorporates the a original Sanskrit version of IV Act. of Abhijnan-shakuntalam, I Act. of Mrichcha-katikam & VII Act. of Uttarra-mcharitam with English rendering.

8. अध्यापक शिक्षा के संवर्धन में कौशल विकास : प्रासंगिकता एवं चुनौतियाँ मूल्य : 325.00

शिक्षा संकाय द्वारा दिनाङ्क 28-29 मार्च 2017 को 'अध्यापक शिक्षा संवर्धन में कौशल विकास : प्रासङ्गिकता एवं चुनौतियाँ' इस विषय पर आयोजित संगोष्ठी में पठित निबन्धों का संग्रह है।

ADHYAPAK SHIKSHA KE SAMVARDHAN MAIN KOSHAL VIKAS : PRASANGIKATA EVAM CHUNOUTIYAN Rs. 325.00

This is an anthology of thought provoking papers presented during the national seminar on "Skill Development for the enhancement of Teacher Education Relevance and Challenges", during 28-29 March, 2017.

9. **अनुसन्धानसम्पादनप्रविधिः**

मूल्य : 500.00

अनुसन्धान एवं सम्पादन सम्बन्धी विभिन्न सिद्धान्तों को संस्कृत एवं हिन्दी दोनों भाषाओं में प्रो. रहसविहारीद्विवेदी द्वारा लिखा गया है। यह ग्रन्थ विद्यावारिधि सत्रीय पाठ्यक्रम के छात्रों के लिए अत्यन्त उपयोगी है। इसके प्रधान सम्पादक माननीय मुरली मनोहर पाठक, सम्पाद प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय एवं सह सम्मादक प्रो. शिवशंकर मिश्र हैं।



ANUSANDHAN SAMPADAN PRAVIDHI Rs. 500.00

In this Book various principles related to research were explained by Prof. Rahasvihari Dwivedi in both Sanskrit and Hindi languages. This book is very useful for the students of Vidyavaridhi coursework. It has been edited by Prof. Ramesh Kumar Pandey and co-edited by Prof. Shivshankar Mishra.

---

10. **अभिनव क्रीडातरङ्गिणी**

मूल्य : 11.00

विभिन्न प्रकार के खेलों पर लिखित संस्कृत में यह अपने ठंग का अनूठा ग्रंथ है, जिसे डॉ. रुद्रदेव त्रिपाठी ने अत्यन्त परिश्रम से लिखा है। इसमें देशी और विदेशी खेलों की प्रसिद्ध प्रचलित सारी विधायें दिखायी गयी हैं।



ABHINAVA-KREEDA-TARANGINI Rs. 11.00

This a unique work on various types of games written in Sanskrit by Dr. R.D. Tripathi. It contains comprehensive description of famous national and international games.



11. अवयवतत्त्वचिन्तामणिदीधितिविद्योतः

मूल्य : 300.00

गोकुलनाथोपाध्याय विरचित न्यायशास्त्रीय ग्रन्थ अवयव तत्त्वचिन्तामणि दीधितिविद्योत, तत्त्वचिन्तामणिदीधिति गादाधरी श्रीज्वाला-प्रसादगौड़ विरचित विलासिनी व्याख्या सहित तत्त्वचिन्तामणिरहस्य दीधिति जागदीशी व्याख्या के साथ मूल पाण्डुलिपि का सम्पादन प्रो. हरेराम त्रिपाठी ने किया है। न्यायदर्शन के जिज्ञासुओं के लिये उपादेय ग्रन्थ है।

AVAYAVATATTVACHINTAMANI-DEEDHITIVIDYOTAH : Rs. 300.00

Composed by Gokulnath Upadhyaya, the original manuscript of this treatise is edited for the learners of Nyaya philosophy. It has been edited by Prof. Hareram Tripathi and is very relevant for learners of Naya Philosophy.

---

12. अहिंसा दर्शन **मूल्य : 160.00**

प्रस्तुत ग्रन्थ में राजनैतिक, सामाजिक तथा व्यावहारिक जीवन के क्षेत्रों में उसकी प्रासंगिकता तथा प्रयोगों पर सार्थक चिन्तन किया गया है। यह ग्रन्थ 10 अध्यायों में विभक्त है। डॉ. अनेकान्त कुमार जैन जी का अहिंसा पर चिन्तनपरक ग्रन्थ है।

AHIMSA - DARSHAN Rs. 160.00

This book explains Ahimsa in the light of thoughts of various thinkers and religions besides discussing its relevance in political, solcial and practical lives. It is diveded into ten chapters. It is a thought provoking book by Dr. Anekant Kumar Jain.

13. **इन्दिरा-कीर्ति-कौमुदी मूल्य : 55.00**

डॉ. रुद्रदेव त्रिपाठी द्वारा चम्पूकाव्य परम्परा में विरचित यह ग्रन्थ स्वर्गीय प्रधानमंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी के व्यक्तित्व को प्रकाशित करता है। स्वर्गीय प्रधानमंत्री के प्रति श्रद्धापुष्पाञ्जलि रूप यह ग्रन्थ ऐतिहासिक तथ्यों के साथ-साथ भारतीय संस्कृति के भी विभिन्न पक्षों को उजागर करने के कारण अत्यन्त उपादेय है।

INDIRA-KIRTI-KAUMUDI Rs.55.00

It presents a vivid account of excellent life history of Late Smt. Indira Gandhi, our Ex-Prime Minister. This is composed in Champu style by Dr. Rudradev Tripathi. Smt. Indira Gandhi strived throughout her life for promotion of Sanskrit and Indian culture. This floral tribute to our late Prime Minister elucidates different aspects of Indian culture alongwith historical facts.

---

14. **21वीं सदी के परिदृश्य में शिक्षकों का व्यावसायिक संवर्द्धन मूल्य: 700.00**

शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा 2019 में उपर्युक्त विषय पर द्विदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई थी। संगोष्ठी में पठित निबन्धों में से 47 उत्कृष्ट शोधनिबन्धों का संग्रह रूप ग्रन्थ है। यह ग्रन्थ अध्यापक के व्यावसायिक विकास को सुनिश्चित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका को दिशा प्रदान करता है।



21st SADI KE PARIDRISHYA MAIN SHIKSHKO KA VYAVSAYIK SAMVARDHAN RS.700

The Department of Education organized a two-day national seminar on the above-mentioned topic in 2019. This book is a collection of 47 excellent research essays read in the seminar. This book provides direction to the important role in ensuring the professional development of the teacher.

15. ऋग्वेद-कवि-विमर्शः

इसमें भारतीय और पाश्चात्य विद्वानों के अध्ययन, मनन का सार प्रस्तुत करते हुये माईणकर जी ने वैदिक ऋषियों के कविरूप एवं वेदों के काव्यमय स्वरूप का मनोरम एवं प्रामाणिक अध्ययन प्रस्तुत किया है। इस ग्रन्थ के प्रतिपाद्य विषय तीन हैं- (क) वैदिककविमानसः पृष्ठभूमिः (ख) वैदिक-कवीनां काव्यविचारः (ग) वैदिककवीनां काव्यविषयकविचारः।

RIGVEDA-KAVI-VIMARSAH

It is a collection of three lectures delivered by Prof. Mainkar on the Sharadiya-Jnana-Mahotsava organised by Shri Lal Bahadur Shastri Kendriya Sanskrit Vidyapeetha, Delhi. It contains the enssence of the divergent views of the scholars of East and West regarding the Vedic Risis and the Vedic hymns in an authentic and original manner.



16. ऋग्वेदीय शाखा-संहिताओं का समीक्षात्मक अध्ययन

ऋग्वेद की शाकल, बाष्कल, आश्वलायन एवं शांखायन चार संहिताओं के स्वरूप के समीक्षात्मक अध्ययन को इस ग्रन्थ में प्रकाशित किया गया है। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी से डॉ. अमलधारी सिंह ने इस विषय पर डी. लिट् की उपाधि प्राप्त की है। यह डी. लिट्, के शोधप्रबन्ध का परिष्कृत रूप है।

RIGVEDIYA SHAKHA-SAMHITAO KA SAMIKSHATMAK ADHYAYAN

A critical study of the format of the four Samhitas of the Rigveda, namely Shakal, Bashkal, Ashvalayana, and Shankhayana, has been published in this book. Dr. Amaldhari Singh has obtained the degree of D.Litt. on this subject from Kashi Hindu University, Varanasi- This is a refined form of the D.Litt dissertation.

17. ऋतु इन संस्कृत लिट्रेचर

यह ग्रन्थ विश्वविश्रुत विद्वान् डॉ. वी. राघवन् के द्वारा शारदीय ज्ञान महोत्सव में दिये गये भाषणों का संग्रह है। वैदिक काल से लेकर लौकिक संस्कृत साहित्य के युग तक ऋतुवर्णन सम्बन्धी विशाल साहित्य इसमें उपलब्ध होता है।

RITU IN SANSKRIT LITERATURE

It is a collection of the learned lectures delivered by the renowned scholar Dr. V. Raghavan on the occasion of Saradiya-Jnana-Mahotsava held in 1971. Right from the Vedic literature down to the Classical period, Sanskrit has continuously enriched itself with the creative writings on the rtus (seasons).



18. कात्यायनश्रौतसूत्रम् (दो भाग)

आचार्य श्री पट्टाभिराम शास्त्री जी के सम्पादकत्व में 'कात्यायन-श्रौतसूत्रम्' दो भागों में प्रकाशित हुआ है। संस्कृत वाङ्मय का यह अंश वेदों के क्रियाकलापों को समझने के लिये परमावश्यक होते हुये भी दुर्लभ होता जा रहा था उचित समय पर इसका सम्पादन एवं प्रकाशन कराकर विश्वविद्यालय ने संस्कृत वाङ्मय का महान् उपकार किया है।

KATYAYANA-SHRAUTA-SUTRAM (TWO PARTS)

This significant work edited by Pt. Acharya Pattabhiram Shastri has been published in two parts. Shraut-sutras are very useful to understand the Vedic rituals and it has fulfilled a long standing need of publication of such type of rare work.





19. कारिकावली मूल्यः 450.00

विश्वनाथ पञ्चानन भट्टाचार्य विरचित कारिकावली नामक यह ग्रन्थ सिद्धान्त-मुक्तावली से युक्त है। इसमें चन्द्रिका हिन्दी टीका भी दी गई है। न्यायकोष के साथ साथ पदार्थ की चित्रसारिणी तथा कारिकावली का हिन्दी रूपान्तर भी परिशिष्ट में है। इस ग्रन्थ का सम्पादन विद्यापीठ के कुलपति प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय जी ने किया है।

KARIKAWALI Rs. 450.00

This book is written by Vishwanath Panchanan. It encompasses Siddhant-muktavali along with Chandrika Hindi commentary. It has also in its appendix Nyayakosh and Hindi rendering of Karikawali. It has been edited by Professor Ramesh Kumar Pandey, the Vice-Chancellor of Vidyapeetha.

---

20. किरातार्जुनीय महाकाव्य में औचित्य विमर्श मूल्यः 350.00

उक्त महाकाव्य का औचित्य की दृष्टि से परिशीलन किया गया है। यह ग्रन्थ 7 विमर्श में विभक्त है। औचित्य एवम् अनौचित्य का विवेचन कर औचित्य को समीक्षा का परम प्रामाणिक मापदण्ड मानकर समग्र महाकाव्य में औचित्य को निरूपित किया गया है। इस ग्रन्थ के रचयिता डॉ. सुरेन्द्र शर्मा श्सुशीलश हैं। साहित्य शास्त्र के अध्येताओं के लिये अत्यन्त उपयोगी ग्रन्थ है।

KIRATARJUNIYA MAHAKAVYA MAIN OCHITYA VIMARSHA Rs. 350.00

The said Mahakavya has been analyzed from the viewpoint of Auchitya. This book is divided into 7 Vimarshas. By discussing Auchitya and Anauchitya and considering Auchitya as the most authentic criterion of review, Auchitya has been explained in the entire Mahakavya. The author of this book is Dr. Surendra Sharma 'Sushil'. This book is useful for the learners of literature.

21. कृष्णयजुर्वेदीय-तैत्तिरीय संहिता (दो भाग) (सायण भाष्य तथा हिन्दी अनुवाद समन्वित)

सायणाचार्य-विरचित भाष्य से युक्त 'कृष्णयजुर्वेदीय तैत्तिरीय संहिता का हिन्दी अनुवाद एवं टिप्पणियों से विभूषित यह ग्रन्थ महामहोपाध्याय श्री परमेश्वरानन्द शास्त्री जी के अपार परिश्रम की परिणति है।

KRISNA YAJURVEDIYA TAITTIRIYA SAMHITA (TWO PARTS)

This work entitled 'Krishnayajurvediya Tattiriya Samhita', with the commantary of Saynacharya and its Hindi rendring, is the outcome of Sri Parmeshwranand Shastri's hard wrok. This text makes the complex problems an easier one.



22. गायत्री वरिवस्या

यह ग्रन्थ महर्षि विश्वामित्र द्वारा प्रणीत ब्रह्मतन्त्रोक्त 'गायत्रीस्तवराज', 'गायत्री-विमर्श', 'सर्ववेदसारभूत गायत्री मन्त्र' तथा 'निगमागम सम्मत', पञ्चकाल-सन्ध्या : एक विश्लेषण' एवं 'त्रिपदा गायत्री स्तोत्र' पर डॉ. रुद्रदेव त्रिपाठी के शोधलेखों से समन्वित है। प्रस्तुत ग्रन्थ गायत्री साधकों, विद्वानों, तान्त्रिकों के लिये अत्यन्त उपादेय है।

GAYATRI-VARIVASYA

This book is compiled by Dr. Rudradev Tripathi. It is a composiiton of all the research article regarding gayatri worship. This book is very useful for gayatri worshippers and sandhya-bandana.





23. गीतगोविन्दम् (चार भाग)

मूल्य : 3000.00

त्रयोदशटीकासमेमतम् प्रस्तुत ग्रन्थ संत कवि जयदेव कृत है, जिसे लगभग सभी शास्त्रीय नर्तक अपनी नृत्य कला के माध्यम से प्रस्तुत करते हैं और सम्पूर्ण देश के मंदिरों में इसका गायन किया गया हैं। अत: यह ग्रन्थ नृत्य एवं गायन विधा के अध्येताओं के लिए अत्यन्त उपयोगी है। इसके संकलक प्रो. प्रफुल्ल कुमार मिश्र एवं सम्पादक प्रो. शिवशंकर मिश्र हैं।

GEETGOVINDAM (FOUR PARTS) **Rs. 450.00**

This book is written by the saint poet Jaydev, which is presented by almost all classical dancers through their dance art and it has been sung in temples all over the country. Hence, this book is very useful for the learners of dance and singing genre. Its compiler is Prof. Prafull Kumar Mishra and editor is Prof. Shivshankar Mishra.



24. चित्रबन्धावतारिका **मूल्य : 50.00**

सुप्रसिद्ध विद्वान् म.म. रामावतार शर्मा जी द्वारा निर्मित चित्र-बन्धात्मक पद्यों को चित्रालङ्कार की दृष्टि से पाँच प्रकरणों में विभक्त करके यह पुस्तक डॉ. रुद्रदेव त्रिपाठी ने तैयार की है। परिशिष्ट में चित्रबन्धों की आकृतियाँ भी मुद्रित हैं।

CHITRABANDHAVATARIKA **Rs. 50.00**

The renowned scholar M.M. Ramavatar Sharma's hitherto unpublished and uncited 'Chitrabandh' verses (order of the letters giving rise to Shape of words) have been prepared by Dr. Rudra Dev Tripathi. In the appendix there are some diagrams containing Chitrabandhas.

25. जैमिनी न्यायमाला (धर्मभेदाध्याय)

मूल्यः 200.00

श्री माध्वाचार्य विरचित जैमिनीयन्यायमाला के द्वितीय अध्याय धर्मभेदाध्याय पर डॉ. प्रभाकर प्रसाद जी की प्रकाशिका नामक संस्कृत व्याख्या है। यह ग्रन्थ मीमांसा शास्त्र के विद्वानों के लिए अत्यन्त उपादेय है।

JAIMINIYA NYAYMALA Rs. 200.00 (DHARMABHEDADHYAY).

This book is a Sanskrit explanation of the second chapter, "Dharmabhedhyay" of Jaiminiya-Nyaymala composed by Shri Madhavachaya. Wtitten by Dr. Prabhakar Prasad, this book is significant for the scholars of Mimansa.



26. जैमिनीय न्यायमाला (प्रमाणाध्याय)

मूल्यः 150.00

श्री माध्वाचार्य विरचित जैमिनीयन्यायमाला के प्रथम अध्याय प्रमाणाध्याय पर डॉ. प्रभाकर प्रसाद जी की प्रकाशिका नामक संस्कृत व्याख्या है। यह ग्रन्थ मीमांसा शास्त्र के विद्वानों के लिए अत्यन्त उपादेय है।

JAIMINIYA NYAYMALA Rs.150.00 (PRAMANADHYAY).

This book is a Sanskrit explanation of first chapter "Pramanadhyay" of Jaiminiya Nyaymala composed by Shri Madhavachaya. Prakashika Sanskrit Commentry Written by Dr. Prabhakar Prasad, this book is significant for the scholars of Mimansa.





27. दायभागः मूल्य : 270.00

जीमूतवाहन विरचित मूलग्रन्थ दायभाग पर कालब्रुक के अंग्रेजी अनुवाद के साथ प्रो. नीना डोगरा का हिन्दी अनुवाद भी प्रकाशित किया गया है। इस ग्रन्थ में सम्पत्ति का विभाजन पुत्र का अंश, पुत्री के पुत्र का अंश, उत्तराधिकार विषय की विस्तृत चर्चा की गई है।

DAYABHAG Rs. 270.00

Jeemutvahan's 'Daybhagah' in orginal along with the English rendering of Kolebrook and Hindi rendering of Prof. Neena Dogra has been published. It deals with distribution of property, share of son, daughter's son and laws related to inheritance quite exhaustively.



28. THE STRUCTURE OF INDIAN MIND Rs. 160-00

प्रस्तुत ग्रन्थ डॉ. विद्यानिवास मिश्र के भारतीय मनीषा के दिक्काल की अवधारणा, संस्कृति और सभ्यता आदि के सन्दर्भ में रचित उत्कृष्ट निबन्धों का संग्रह है।

THE STRUCTURE OF INDIAN MIND Rs. 160.00

Present volume is collection of selected articles of M.M. Dr. Vidyaniwas Mishra on the various aspects of Indian minds reflected in the waythe notions of time, space, culturel and civilizations.

29. द्विवर्षीय अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम : समीक्षात्मक विश्लेषण

मूल्य : 300.00

परिवर्तित पाठ्यक्रम के क्रियान्वयन में आने वाली कठिनाईयों की समीक्षा की दृष्टि से श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 8-9 मार्च 2018 को "द्विवर्षीय अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम : समीक्षात्मक विश्लेषण" शीर्षक से द्विदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।



DWIVARSHIYA ADHYAK SHIKSHA KARYAKRAM : SAMIKSHATMAK VISHLESHAN Rs. 300.00

This compendium contains the proceedings of the two days national seminar on "Two Year Teacher Education Programme : A Critical Evaluation". Organized by the Faculty of Education S.L.B.S. National Sanskrit University, During 8-9 March, 2018.

---

30. दीपिका-सर्वस्वम् मूल्यः 350.00

श्री अन्नम्भट्ट विरचित तर्कसंग्रह एवं उस पर कुरुगण्टि श्रीरामशास्त्री कृत श्री दीपिका-सर्वस्व व्याख्या से संबलित ग्रन्थ है। यह ग्रन्थ न्यायशास्त्र के अध्येताओं के लिये परम उपयोगी है। इस ग्रन्थ के सम्पादक प्रो. शिवशंकर मिश्र एवं सहसम्पादक डॉ. अनिलानन्द हैं।



DEEPIKA-SARSVAM Rs. 350.00

In This book is supported by Traksangrah written by Shri Annambhatt and the commentary on it by Shri Deepika-Sarvasva written by Kuruganti Shri Ramshastri. This book is extremely useful for students of Nyaya-Shastra. The editor of this book, Prof-Shivshankar Mishra, and the co-editor are Dr. Anilanand.



31. दीक्षान्त भाषण संग्रह मूल्य : 100.00

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ द्वारा आयोजित दीक्षान्त समारोहों में कुल 16 मनीषियों के भाषणों का संग्रह है। इसमें विशेष उल्लेखनीय पूर्व राष्ट्रपति डॉ. शंकर दयाल शर्मा, पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम एवं पूर्व शिक्षामंत्री डॉ. मुरली मनोहर जोशी के भाषण हैं। इसका सम्पादन विद्यापीठ के कुलपति प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय जी ने किया है।

DEEKSHANT BHASHAN SANGRAH Rs. 100.00

It is a collection of Convocation speeches delivered by eminent scholars at Shri Lal Bahadur Shashtri Rashtriya Sanskrit Vidyapeetha. Sixteen speeches delivered by various scholars include the convocation addresses of Ex-President of India, Dr. Shankar Dayal Sharma, Dr. A.P.J. Abdul Kalam and Dr. Murali Manohar Joshi. It has been edited by Professor Ramesh Kumar Pandey, the Vice-Chancellor of Vidyapeetha.



32. देवीपुराण मूल्य : 270.00

देवीपुराण प्राचीन एवं प्रमुखतम शाक्त उपपुराणों में से एक है। प्रमुख रूप से सिंहवाहिनी देवी के अवतार एवं लीलाओं का वर्णन करता है यह प्रो. पुष्पेन्द्रकुमार शर्मा द्वारा संशोधित एवं सम्पादित देवनागरी संस्करण है।

DEVI PURAN Rs. 270.00

Devipuran is one of the main and ancient Shakta sub-puranas. This Devnagri edition that talks about Goddess Singhvahini, her incarnations and actions has Prof. Puspendra Kumar Sharma as its editor.

33. **दृक्तुल्यपञ्चाङ्गगणितमीमांसा**

मूल्य : 650.00

वैदिक काल से लेकर वर्तमान समय तक पञ्चाङ्ग के स्वरूप एवं इतिहास पर प्रस्तुत ग्रन्थ में सुविस्तृत प्रकाश डाला गया है। ग्रहलाघव एवं केतकी ग्रहगणित पद्धति से पञ्चाङ्ग विमर्श किया गया है। इसके लेखक डॉ. अशोक थपलियाल एवं सम्पादक प्रो. शिवशंकर मिश्र हैं।

DRIKTULYA PANCHANGA GANITA MIMAMSA Rs. 650.00

In the book, from the Vedic period till the present time, the form and history of Panchang has been described in depth. Panchang has been formed with Grahalaghav and Ketaki Garhganit paddhati. This book has been written by Dr. Ashok Thapliyal and edited by Prof. Shivshankar is Mishra.



34. **ध्वनिसिद्धान्तमूलम्** **मूल्यः 300.00**

प्रस्तुत ग्रन्थ शोधप्रबन्ध का परिष्कृत स्वरूप है। इसमें ध्वनिसिद्धान्त के मूल स्वरूप का निरूपण किया गया है। साहित्य शास्त्र के विद्यार्थियों के लिये सर्वथा उपयोगी है। इसे 5 अध्यायों में विभक्त किया गया है। इसकी रचयिता डॉ. अनमोल शर्मा हैं।

DHWANISIDDHANTMULAM Rs. 300.00

The presented book is a refined version of a research thesis. The basic form of Dhvani-Siddhant has been described in it. It is very useful for students of Sahitya-Shastra. It has been divided into 5 chapters. Its author is Dr. Anmol Sharma.



35. **नित्यकर्मप्रकाशः** **मूल्य : 90.00**

भारतीय संस्कृत एवं संस्कृति के प्रचार-प्रसारात्मक लक्ष्य की पूर्ति को ध्यान में रखकर प्रारम्भिक परिचय के लिए उक्त ग्रन्थ का संयोजन किया गया है। डॉ. भवानी शंकर त्रिवेदी जी ने वर्तमान जनसाधारण के मानस एवं अपेक्षा को दृष्टि में रखकर इसमें- हिन्दू धर्म के आधार ग्रन्थ के अनुसार प्रातःकृत्य (प्रातःस्मरण, सन्ध्या, ब्रह्मयज्ञ, तर्पण और देवार्चन) आदि शास्त्र सम्मत विधि का संकलन किया गया है।

NITYAKARMAPRAKASH Rs. 90.00

Hindu religion is based on scriptures, which injunct a number of rituals to be performed by the Hindus. Shri Trivedi's book Nityakarma-prakasha, is valuable for those, who want to have a first hand brief information and formulas to be used in their day-ta-day life.



36. **पञ्चलक्षणी** **मूल्य : 135.00**

श्री गङ्गेशोपाध्याय विरचित तत्त्वचिन्तामणि ग्रन्थ के अनुमान खण्ड के अन्तर्गत व्याप्ति पञ्चक मूल के साथ माथुरी टीका उसपर पाँच विद्वानों की हिन्दी व्याख्या है।

PANCHLAKSHNI Rs. : 135.00

This book is a Hindi explanation cum-commentary of the founding figure of Navya-Nyaya Shastra, Acharya Sri Gangesh Upadhyaya's 'Tattvachinta- mani'. The five significant parts of the text are written by Prof. P.K. Dixit, Prof. Hereram Tripathi, Dr. Visnupad Mahapatra, Dr. Mahanand Jha and Dr. Prabhakar Prasad respectively.

37. **पञ्चामृतम्** **मूल्य : 15.00**

इस पुस्तक में शारदीय ज्ञान महोत्सव के अवसर पर दिये गये निम्नलिखित पाँच व्याख्यानों का संग्रह है।

PANCHAMRITAM **Rs. 15.00**

It is a collection of five learned lectures delivered by the eminent erudite scholars.



38. **पर्यावरण एवं भारतीय नारी**

मूल्यः 330.00

वैदिक काल से लेकर रामायण काल की नारियों का अध्ययन इस ग्रन्थ में है, जिसमें नारी ने अपनी तपस्या और त्यागमय जीवन द्वारा जो सांस्कृतिक योगदान दिया है उसका विस्तृत अध्ययन इस ग्रन्थ में निरूपित है। इस ग्रन्थ की लेखिका डॉ. ज्योत्स्ना मोहन जी हैं तथा इसका सम्पादन डॉ. ज्ञानधर पाठक जी ने किया है।

PARYAVARAN EVAM BHARTIYA NAREE **Rs. 330.00**

Written by Dr. Jyotsana Mohan and edited by Dr. Gyandhar Pathak, this book presents the study of women from Vedic period to the times of the Ramayana. This book depicts the contribution of women to the cultural development of society.





39. प्रत्यक्षागमप्रमाणोल्लासः

मूल्य : 250.00

अद्वैतवेदान्त विभाग द्वारा 18-31 मार्च, 2010 को प्रत्यक्ष प्रमाण विषयिणी आयोजित कार्यशाला तथा 16-17 जनवरी, 2012 को आगम प्रमाण विषयिणी राष्ट्रिय संगोष्ठी में पठित विद्वानों के शोध निबन्धों का संग्रह है इसका सम्पादन अद्वैतवेदान्त विभागाध्यक्ष प्रो. शुद्धानन्द पाठक जी ने किया है।

PRATYAKSHAGAM PRAMANOLLASH Rs. 250.00

This work, edited by Prof. Suddhanand Pathak, is a collection of research papers presented during workshop on. Pratyaksha Praman dated 18-31 march, 2010 and National Seminar dated 16-17 January, conducted by Dept. of Advaitvedanta, Vidyapeetha.

40. प्रमेय पारिजात मूल्य : 115.00

यह ग्रन्थ म.म.पं. गिरिधर शर्मा चतुर्वेदी जी द्वारा लिखित है। इस ग्रन्थ में 19 अध्याय हैं। इसमें आस्तिक एवं नास्तिक दोनों दर्शनों का समावेश है। आचार्य चतुर्वेदी जी द्वारा आत्मतत्त्व की दर्शनशास्त्रीय विशद विवेचना की गई है।

PRAMEY PARIJAT Rs. 115.00

The book is written by M.M Giridhar Sharma Chaturvedi. This is an analytical study of Ashtik and Nastik Philosophy. Pt Chaturvedi has done a deep study of spiritual subjects. This is a useful book for spiritual heads.

41. प्रमाण-प्रमोदः मूल्य : 7.50 पैसे



यह ग्रन्थ म.म. श्री चित्रधर शर्मा की अनुपम कृति है। इसमें उदयनाचार्य की न्याय-कुसुमाञ्जलि की परम्परा को आगे बढ़ाते हुए नव्यन्याय की शैली से ईश्वरसिद्धि की विवेचना को विषय बनाया गया है। म.म. श्री दुःखमोचन झा द्वारा निर्मित इस ग्रन्थ की महत्वपूर्ण व्याख्या भी है। इसका सम्पादन श्रीमती उज्ज्वला शर्मा ने किया है।

PRAMANA-PRAMODAH Rs. 7.50

This is a work on Nyaya originally written by M.M. Sri Chitra Dhar Sharma. It strives to prove the existence of God and therefore, falls in the line of Udayana- charya's Nyaya Kusumanjali. It consists of a commentary written by the famous scholar M.M. Shri Duhkha Mochan Jha. The learned editor Shrimati Ujjwala Sharma has edited it after consulting and utilizing a number of manuscripts. The book also contains a learned introduction by the editor.

---

42. प्रवचनपारिजातः (भाषण-सङ्ग्रहः) मूल्य : 95.00



श्री चारुदेव जी शास्त्री तथा श्री श्रीजीवन्याय तीर्थ के 3-3 भाषणों का सङ्ग्रह है। इनमें प्रमुख रूप से उपसर्गों के उपकारत्व और उनके अर्थ, वेद में धातु और उपसर्गों का योग तथा उपसर्गों के कारण धातुओं की सकर्मकता तथा वर्तमान भारत में वेदान्त दर्शन की उपयोगिता एवं वेदान्त के स्वरूप पर गम्भीरतापूर्ण चिन्तन प्रस्तुत हुआ है।

PRAVACHANA-PARIJATAH Rs. 95.00

It is a collection of the five learned lectures on Vyakarana and Vedanta by the famous scholars Shri Charu Dev Shastri and Shri Jivanyayatirth delivered by them. Shri Charu Dev Shastriji has dealt with the role of prefixes in Sanskrit Grammar and Shri Jivanyayatirtha has analysed the nature and utility of the vedanta.



43. पाणिनि कात्यायन एण्ड पतञ्जलि

मूल्य : 55.00

यह ग्रन्थ श्री के. माधवकृष्णशर्मा का अंग्रेजी में लिखित शोधप्रबन्ध है। व्याकरण के तीनों मुनियों–पाणिनि, कात्यायन एवं पतञ्जलि के व्यक्तित्व और कृतित्व का अनेक पक्षों से निरीक्षण करके लेखक ने इस ग्रन्थ में कुछ मौलिक उद्भावनायें की गई है और वही इस ग्रन्थ की विशेषता है।

PANINI, KATYAYNA AND PATANJALI

Rs. 55.00

It is a thesis prepared by Shri K. Madhavkrishna Sharma which contains a vivid account of the lives and woks of the famous Sanskrit Grammarians Panini, Katyayana and Patanjali. The novel presentation and faithful interpretation of the facts by the author have greatly added to the importance of this book.



44. प्राकृतभाषा अभिलेख

प्राकृतभाषा विभाग द्वारा आयोजित शोध संगोष्ठी में विद्वानों द्वारा पठित शोध निबन्धों का संग्रह है। इसमें प्राकृतभाषा, ब्राह्मीलिपि, भाषिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, प्राशासनिक, दार्शनिक एवं राजनैतिक आदि विषयों पर विशिष्ट विद्वानों के लेख हैं। इसका सम्पादन डॉ. जयकुमार उपाध्ये ने किया है।

PRAKRIT BHASHA ABHILEKH

This book is a collection of research papers presented during seminar conducted by Department of Prakrit, Vidyapeetha. Edited by Dr. Jaykumar Upadhye, this book comprises articles by eminent scholars on Prakrit language, Brahmi Lipi, and other social, cultural, administrative, philosophical and political topics.

45. पुराण पारिजात

यह ग्रन्थ म.म.पं. गिरिधर शर्मा चतुर्वेदी जी द्वारा लिखित है इस ग्रन्थ की भूमिका प्रख्यात विद्वान् स्वामी करपात्री जी ने लिखा है। प्रस्तुत ग्रन्थ में 11 अध्याय हैं जो पौराणिक वाङ्मय की दार्शनिकता का प्रस्तुत करते हैं।

PURAN PARIJAT

The book Puran Parijat is written by M.M Pandit Giridhar Sharma Chaturvedi. Its Introduction is written by Swami Karpatriji. The book contains 11 articles of distinguished aspects of pauranik literature.



46. बदलते शैक्षिक परिदृश्य में मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य

मूल्य : 500.00

शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा "बदलते शैक्षिक परिदृश्य में मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य" विषय पर आयोजित संगोष्ठी में पठित निबन्धों का संग्रह है।

BADALTE SHAIKSHIK PARIDRISHYA MAIN MANSIK EVAM SHARIRIK SWASTHYA Rs. 500.00

This is a collection of papers presented by various scholars and researchers on the occasion of the national seminar on Mental and physical health in the changing educational scenario organized by the faculty of education, S.L.B.S. National Sanskrit University, New Delhi, during 16-17 March, 2016.





47. ब्रह्मसिद्धिः मूल्य : 380.00

आचार्य श्रीमण्डनमिश्र द्वारा विरचित तथा प्रो. केदारनाथ त्रिपाठी जी की कला-व्याख्या से संवलित अद्वैतवेदान्तदर्शन का अनुपम ग्रन्थ है। इस ग्रन्थ में अद्वैत-वेदान्त के प्रमुख-तत्त्वों का विशद-विवेचन है। प्रस्तुत ग्रन्थ चार खण्डों में विभक्त है।

BRAMHA SIDDHI Rs. 380.00

It's a beautiful book on Advaita Vedanta Philosophy written by Acharya Sri Mandan Mishra and compiled by Prof. Kedarnath Tripathi. It makes an indepth analysis of main strings of Advaita Vedanta. It is divided into four parts.



48. बृहत्त्रयीपरिशीलनम्
(परिचयखण्डः) मूल्य : 210.00

साहित्य विभाग द्वारा बृहत्त्रयी पर आयोजित विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की सैप परियोजना के अन्तर्गत शोध सङ्गोष्ठी में प्रस्तुत 20 विद्वानों के शोधनिबन्धों का संग्रह है। उक्त ग्रन्थ का सम्पादन प्रो. शुकदेव भोई जी ने किया है।

BRIHATTRAYIPARISHEELANAM (PARICHYAYAKHAND)
Rs. : 210.00

This book is a compilation of research papers of 20 scholars presented during seminar conducted by Sahitya Department under SAP program of UGC. It is edited by Prof. Sukdev Bhoi.

49. **बृहत्त्रयीपरिशीलनम्**

(सांस्कृतिकखण्डः) मूल्य : 170.00

साहित्य विभाग द्वारा बृहत्त्रयी पर आयोजित विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की सैप परियोजना के अन्तर्गत शोध सङ्गोष्ठी में प्रस्तुत 17 विद्वानों के शोध निबन्धों का संग्रह है। उक्त ग्रन्थ का सम्पादन प्रो. अमिता शर्मा जी ने किया है।

BRIHATTRAYIPARISHEELANAM (SANSKRITIKHANDAH) Rs. : 170.00

Edited by Prof. Amita Sharma, this books is a collection of 17 research papers presented duing National Seminar conducted by Dept. of Sahitya under SAP Program of UGC.



50. **बृहत्त्रयीपरिशीलनम्**

(काव्यशास्त्रीयखण्डः) मूल्य : 230.00

साहित्य विभाग द्वारा बृहत्त्रयी पर आयोजित विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की सैप परियोजना के अन्तर्गत शोध सङ्गोष्ठी में प्रस्तुत 36 विद्वानों के शोधनिबन्धों का संग्रह है। उक्त ग्रन्थ का सम्पादन प्रो. भागीरथिनन्द जी ने किया है।

BRIHATTRAYIPARISHEELANAM (KAVYASHASTRIKHANDAH) Rs. : 230.00

Edited by Prof. Bhagirath Nanda, this book is a collection of 36 research articles presented during National Seminar conducted by Dept. of Sahitya under SAP program of UGC.





51. भट्टमथुरानाथस्य काव्यशास्त्रीयनिबन्धाः

मूल्य : 90.00

काव्यशास्त्र के मर्मज्ञ विद्वान् भट्ट-मथुरानाथशास्त्री के अत्यन्त गंभीर चिंतन परक काव्यशास्त्रीय निबन्धों का संग्रह है। इस ग्रन्थ का सम्पादन देवर्षि कलानाथ शास्त्री एवं आचार्य रमेशकुमार पाण्डेय जी द्वारा किया गया है।

BHATTAMATHURANATHASYA KAVYASHAHITIYA NIBANDHA

Rs. : 90.00

This book edited by Devarshi Kalanath Shastri and Prof. Ramesh Kumar Pandey is a compilation of thought provoking essays by the scholarly poetician Bhatt Mathuranath Shastri.



52. भारतीयदर्शनेषु वादविमर्शः

मूल्यः 700.00

दर्शनपीठ द्वारा 2022 में उपर्युक्त विषय पर त्रिदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई थी। संगोष्ठी में पठित निबन्धों में से 38 उत्कृष्ट शोधनिबन्धों का संग्रह रूप ग्रन्थ है। यह ग्रन्थ भारतीय दर्शन के प्रमुख वादों को व्याख्यायित करता है। इसके अध्ययन से दर्शन के महत्त्वपूर्ण वादों को सरलता से समझा जा सकता है।

BHARTIYADARSHNESHU VADVIMARSHA **Rs. 700.00**

Darshanpeeth organized a three-day national seminar on the aforementioned topic in 2022. This book is a collection of 38 excellent research essays read in the seminar. This book eñplains the major theories of Indian philosophy. By studying it, the important theories of philosophy can be easily understood.

53. भारतीयचिन्तने स्याद्वादः

मूल्य : 175.00

जैनदर्शन विभाग द्वारा आयोजित 27-28/03/2011 को "भारतीय चिन्तन में स्याद्वाद" विषय पर एवं द्विवसीया राष्ट्रिया संगोष्ठी में विद्वानों द्वारा पठित 37 निबन्धों का संग्रह है। इसका सम्पादन दर्शन संकाय प्रमुख प्रो. वीरसागर जैन जी ने किया है।

BHARTIYA CHINTANE SYADWAAD
Rs. : 175.00

Edited by Prof. Veer Sagar Jain, this book is a collection of 37 articles presented during National Seminar titled "Bhartiya Chintan Mein Syadvad' dated 27-28 March 2011, conducted by Dept. of Jain Darshan.

54. भारतीय वाङ्मय में योग परम्परा

मूल्यः 350.00

प्रस्तुत ग्रन्थ में वैदिक काल से आधुनिक काल पर्यन्त योग के विकास की परम्परा का विवरण रेखांकित किया गया है। यह ग्रन्थ 4 अध्यायों में विभक्त है। योगशास्त्र के स्नातक एवं स्नातकोत्तर के अध्येताओं को यह ग्रन्थ अत्यन्त उपयोगी है। इसके रचयिता डॉ. रमेश कुमार हैं।

BHARTIYA VANGMAYA MAIN YOG PARAMPARA Rs. 350.00

In this book, details of the tradition of the development of yoga from the Vedic period to the modern period have been outlined. This book is divided into 4 chapters. This book is very useful for graduate and postgraduate students of yogashastra. Dr. Ramesh Kumar is the author of this book.





55. भारतीय संस्कृत के नये आयाम

मूल्य : 140.00

आचार्य श्री ब्रजवल्लभ द्विवेदी द्वारा विरचित यह ग्रन्थ भारतीय संस्कृति के पारम्परिक स्वरूप की प्रामाणिक व्याख्या प्रस्तुत करता हुआ समस्त आवश्यक सांस्कृतिक तत्त्वों का विवेचन करता है।

BHARATIYASANSKRITI KE NAYE AYAMA **Rs. 140.00**

This book has an authentic commentary to the successive features of Indian culture written by Prof. Vrajvallabh Dwivedi. In this, all essential theories of Indian culture are discussed.

56. भारतीय वृष्टिविज्ञान परिशीलन

मूल्यः 350.00

भारतीय वृष्टिविज्ञान पर प्रो. देवी प्रसाद त्रिपाठी ने प्राचीन और अर्वाचीन वृष्टि का तुलनात्मक वैज्ञानिक आकलन किया है। यह ग्रन्थ अत्यन्त उपयोगी एवं शास्त्र के वैज्ञानिक आधार को पुष्ट करने वाला है।

BHARTIYA VRISHTIVIGYAN PARISHEELAN **Rs. 350.00**

This book is the outcome of serious research conducted by Professor Devi Prasad Tripathi. The comparative analysis of old and modern science of Vrishti. It is very useful book that justifies the scientific viability of the Vrishti-vigyan.

57. भास्करीय गोलमीमांसा

मूल्य : 450.00

"सिद्धान्त शिरोमणि" ग्रन्थ के गोलाध्याय पर प्रो. देवीप्रसाद त्रिपाठी द्वारा किया गया शोधकार्य है। यह ग्रन्थ पाँच अध्यायों में विभक्त है। संस्कृतभाषा में निबद्ध ग्रन्थ शोधकर्त्ताओं, विद्वानों एवं ज्योतिष शास्त्र के जिज्ञासुओं के महत्वपूर्ण है।



BHASKRIYA GOLMIMMASA

Rs. : 450.00

This book is a research work conducted by Prof. D.P. Tripathi on the mathmatical theory of Acharya Bhaskaracharya titled 'Siddhant Shiromani'. It is divided into 5 parts. Written in Sanskrit, this book is very relevant to the learners of Jyotish Shastra.

---

58. भोजप्रबन्धः

मूल्य : 225.00

श्रीबल्लाल कवि-चिरचित कथा-साहित्य का यह अद्भुत-ग्रन्थ है। इसमें भोजनृपति को केन्द्रित कर कविशिक्षा के महत्वपूर्ण-तत्त्वों को उन्मीलित किया गया है। यह काव्य निर्माण-कौशल को अविष्कृत करता है। डॉ. के.पी.ए. मेनन् के आङ्ग्लभाषानुवाद से संवलित है।



BHOJ PRABANDHAH **Rs. 225.00**

